



# पेट्रोल खत्म होने पर रुके, बदमाशों ने लूटे 10 हजार

- ट्रांजेक्शन डिटेल से पकड़ाए बदमाश
- डरा धमकाकर अकाउंट में रुपए भिजवाए थे

**देवास।** नेशनल हाईवे पर बाइक सवार से लूट के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को तीन बदमाशों ने दो युवकों से लूट की की थी।औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने बुधवार को इन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पेट्रोल खत्म होने पर सड़क किनारे रुके युवकों को डरा-धमकाकर उनसे पैसे ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए थे। पुलिस ने डिजिटल लेनदेन के डाटा के अनुसार पूरी वारदात का खुलासा किया।

### रात 1.30 बजे लौटते समय हुई वारदात

पुलिस के अनुसार, 4 मई को विशाल पालसिया ने औद्योगिक क्षेत्र थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वे अपने भाई कपिल के साथ देवास में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद रात करीब 1.30 बजे इंदौर स्थित अपने घर लौट रहे थे। इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप, लोहार पिपलिया के पास उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया।

### मारपीट कर जबरन 10 हजार रुपये ट्रांसफर कराए

जब वे बाइक को धक्का देकर पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे, तभी देवास की ओर से बाइक पर सवार तीन युवक आए। उन्होंने युवकों को धमकाया और 10,000 रुपये मांगे। पैसे न देने पर उनके साथ मारपीट की गई और जबरन पैसे ऑनलाइन ट्रांसफर करवाकर आरोपी फरार हो गए। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने अज्ञात आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के आदेश दिए। औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

### डिजिटल ट्रेल से 12 घंटे में पकड़ाए आरोपी

पुलिस ने डिजिटल ट्रेल का उपयोग करते हुए सक्रियता दिखाई और महज 12 घंटे के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में वीरेंद्र पिता पर्वत चौहान (25), भरत पिता राजेश रायकवार (26) और भरत पिता भगवान मांझी (25) शामिल हैं। सभी आरोपी भेरुगढ़, देवास के निवासी हैं।

### लूटी गई राशि और बाइक बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई राशि और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद कर ली है।

# सुचारू ट्रॉफिक के लिए सिविल लाइन तिराहे से बस स्टैंड तक हटाएं अतिक्रमण : कलेक्टर



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने यातायात व्यवस्था, महिला अपराध रोकथाम, एसटी-एससी अपराध, नशा मुक्ति, चिन्हित अपराध, गबन धोखाधडी और अवैध खनन संबंध विषयों पर विस्तृत समीक्षा की।

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के संबंध में कड़े दिशा-निर्देश दिये गए। बैठक में मुख्य रूप से सड़क दुर्घटनाओं, ब्लैक स्पॉट्स के सुधार और अतिक्रमण हटाने पर जोर दिया गया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि शहरों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों के मुख्य मार्गों पर दुर्घटना मृत्यु दर अधिक है। इस पर कलेक्टर श्री सिंह ने पुलिस विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों के मुख्य मार्गों पर सघन 'ड्रिंक एंड ड्राइव' जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि हाइवे पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले ढाबा संचालकों पर सख्त कार्रवाई करें। विशेष रूप से उन ढाबा संचालकों पर कार्रवाई के निर्देश दिए, जिन्होंने अपनी सुविधा के लिए नेशनल हाईवे पर अवैध 'कट पॉइंट' बना लिए हैं। साथ ही, नियमानुसार न बने ढाबों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने देवास शहर में अतिक्रमण हटाने एवं यातायात प्रबंधन के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि शहर में एबी रोड और भोपाल रोड पर सर्विस रोड पर से अवैध अतिक्रमणों को तत्काल हटाने की कार्यवाही करें।

उन्होंने देवास में सिविल लाइन तिराहे से बस स्टैंड तक अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश नगर निगम, पुलिस और राजस्व विभाग को दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि बीच सड़क पर खड़े वाहनों के कारण लगने वाले जाम से निपटने के लिए क्रेन द्वारा कार्यवाही की जाए। कलेक्टर सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में सर्वे कराकर जांच करें की मानक स्तर के स्पीड ब्रेकर बनाए गए है या नहीं। जिले में मानक स्तर के स्पीड ब्रेकर बनाये जाये। मानक अनुरूप न होने वाले ब्रेकरों को चिन्हित कर तोडा जाये और मानक स्तर के स्पीड ब्रेकर बनाये। कलेक्टर सिंह ने कहा कि ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम पट्टी अनिवार्य रूप से लगाई जाए, ताकि रात के अंधेरे में दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले सभी पुलियाओं पर आवश्यक साइनेज लगवाए जाएंगे।

> कलेक्टर सिंह ने नर्मदा परिक्रमा पथ पर श्रद्धालुओं के लिए मार्ग संकेतक और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सभी नाव संचालकों को निर्देशित करें कि बिना लाइफ जैकेट के किसी भी व्यक्ति को नाव में न बैठाएं। नियमों का उल्लंघन करने पर नाव संचालकों पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में चिह्नित ब्लैक स्पॉट की समीक्षा की। इस दौरान बताया गया कि नेवरी फाटा एक संवेदनशील ब्लैक स्पॉट बन चुका है, जहां दुर्घटनाएं अधिक हो रहीं हैं। तत्काल नेवरी फाटे के आसपास से अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने देवास-मक्सी रोड और देवास-भोपाल रोड पर चिह्नित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधार कार्य करने और मक्सी रोड व ए.बी. रोड पर पुल के नीचे से अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। देवास शहर में एबी रोड एवं एमजी रोड पर रूटीन में ट्रॉफिक क्रेन चलाते रहें।

# स्व . देवलिया की 10वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**देवास।** वरिष्ठ नेता स्वर्गीय कैलाश देवलिया की दसवीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय माधव मंगल गार्डन, मां दरियाव बाग, इटावा-उज्जैन रोड, देवास में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ नेता हरीश देवलिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर परिवारजनों एवं इष्ट मित्रों ने स्व. देवलिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनकी स्मृति में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेंद्र बेदी, जयप्रकाश चौधरी, मनोहर कुंभकार, देवेंद्र साहू, पप्पू, छगन देवलिया, राजू ठाकुर, गजेंद्र देवलिया (एडवोकेट), जितेंद्र कुशवाह, धनसिंह बामनिया, विक्रम राठौर, सचिन गोठीवाल, महेन्द्र चौहान, दीपक देवलिया, प्रशांत देवलिया, प्रकाश देवलिया एवं हर्ष देवलिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन पंकज देवलिया ने किया तथा आभार मेहरबानसिंह धाकड़ ने माना।

# किसानों के सम्मान में कांग्रेस मैदान में

**टोकखुर्द।** प्रदेश अध्यक्ष जितु पटवारी के आदेशानुसार एंव पुर्व केबिनेट मंत्री सज्जन सिह वर्मा के निर्देश के अनुसार आज ब्लाक कांग्रेस टोकखुर्द,चोबारा के कांग्रेस कार्यकर्ताओ की मीटिंग रखी गई, जिसमें 7 मई को शाजापुर में कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा किसान आंदोलन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन मैदान में उतरेंगे।

कांग्रेसियों द्वारा नेशनल हाईवे आगरा मुंबई रोड पर चक्का जाम किया जाएगा। किसानों के सम्मान में बैठक में यहां निर्णय लिया गया जिसमें जिला ग्रामीण कांग्रेस प्रभारी विनय बाकलीवाल, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चोधरी, जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण व्यास,राजेश पांदा, विधान सभा प्रभारी हुकम सिंह,जनपद पंचायत अध्यक्ष पोपसिह सिह जिरवाय एंव नगर परिषद उपाध्यक्ष आरिफ पटेल,नगर कांग्रेस अध्यक्ष नितेश धाकड,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष टोकखुर्द ओमप्रकाश मण्डलोई आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### शिक्षा से बड़ा अन्य कोई दान नहीं : माया नारोलिया



**देवास।** शिक्षा से बड़ा अन्य कोई दान नहीं होता है और देवास जिला जाट समाज द्वारा संचालित वीर तेजाजी स्कूल में दी जा रही शिक्षा दीक्षा अनुकरणीय है। उक्त विचार देवास जिले के अल्प प्रवास पर नंदकिशोर जाट के आवास पर पधारी राज्यसभा सदस्य माया नरोलिया ने देवास जिला जाट समाज द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में व्यक्त किये। प्रारंभ में जाट समाज अध्यक्ष दिलीप जाट सरपंच बांगर ने बुके एवं सम्मान पट्टिका से श्रीमती नारोलिया का सम्मान किया। समाज उपाध्यक्ष विकास जाट पार्षद ने पश्चिम बंगाल, असम में भाजपा को मिली अपार सफलता पर बधाई देते हुए जाट समाज एवं वीर तेजाजी स्कूल की प्रगति एवं गतिविधि के संबंध में अवगत कराया तथा समाज के आगामी कार्यक्रम हेतु सांसद नारोलिया को आमंत्रित किया। इस अवसर पर जाट समाज के वरिष्ठ पदाधिकारीगण सत्यनारायण वर्मा, यशवंत डागोरा, राजेश जाट, नंदकिशोर जाट, मनोहर जाट, काजल जाट सहित समाजजन उपस्थित रहे। संचालन यशवंत डागोरा ने किया तथा आभार मनोहर जाट ने माना।

### ध्वज चढ़ाकर हुआ टिनोनिया मेले का शुभारंभ



**देवास।** जनपद पंचायत देवास द्वारा आयोजित 15 दिवसीय मां बिजासन माता मंदिर टिनोनिया मेले का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकला मुकेश पटेल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। सर्वप्रथम माता बिजासन की पूजा अर्चना कर चुनरी औढ़ाई। क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि एवं सौहार्द की कामना की गई। परांपरागत स्थान पर ध्वज चढ़ाकर मेले का शुभारंभ हुआ। जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकला मुकेश पटेल ने बताया कि हमारे द्वारा मेले में आने वाले राहगीरों के लिए पीने का पानी, लाईट, उचित छांव की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर सरपंच अजयसिंह राजपूत, राकेश खिरनी, कालूसिंह दरबार, सरपंच अश्विन चौधरी, मांगिलाल चौधरी, विष्णु चौधरी डंडा सरपंच सहित जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### रोटरी के अध्यक्ष-सचिव लर्निंग सेमिनार में सम्मानित

**भौंरासा।** रोटरी अंतरराष्ट्रीय मंडल 3040 में रोटरी वर्ष 2026-27 के क्लब अध्यक्ष/सचिव के लिए दो दिवसीय एकीकृत लर्निंग सेमिनार का आयोजन रोटरी क्लब ऑफ इंदौर यूनाइटेड द्वारा स्काईलाइन रिसोर्ट, इंदौर में किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि डीजीई अंजू नारंग मंडल -3250 बिहार, मंडलाध्यक्ष 2026-27 रोटे संस्कार कोठारी, मंडल की प्रथम महिला रोटे दीप्ति कोठारी, एवं आगामी निर्वाचित मण्डलाध्यक्ष सुखदेव सिंह घुम्मन, मंडल प्रशिक्षक पूर्व मंडलाध्यक्ष रोटे धीरेन दत्ता, डिस्ट्रिक्ट सचिव मनोज चांडक, सहायक मंडलाध्यक्ष नसरुद्दीन पठान, सहायक मंडलाध्यक्ष 2026-27 दिनेश राठौर, रीजनल कॉर्डिनेटर उमेश शर्मा ने रोटरी क्लब ऑफ भौंरासा के सत्र 2026-27 के क्लब अध्यक्ष रोटे कन्हैयालाल खाटवा, क्लब सचिव रोटे. किशोर कुमार वर्मा को सेमिनार में भाग लेकर सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया द्य सेमिनार में रोटरी वर्ष 2026-27 के सेवा प्रकल्पों पर चर्चा हुई।

# दत्तात्रेय भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा



**देवास।** श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा श्री भूतेश्वर आश्रम शनि मंदिर बगाना में 8 मई 2026 से 14.05.2026 तक विभिन्न धार्मिक कार्यकमों का आयोजन किया जाएगा।

महंत त्रिवेणी गीरी जी महाराज ने बताया कि भूतभावन श्री भूतेश्वर महादेव एवं ब्रम्हलीन मंहत श्रीश्री शिवगिरी जी महाराज की कृपा से राष्ट्र उत्थान सबके सुख समृध्दि आरोग्य मंगल एवं कल्याण हेतु श्री रूद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा तथा भगवान श्री दत्तात्रेय की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यकम के अन्तर्गत भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी उसके उपरांत दोपहर 12 बजे से लेकर 03 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है साथ ही भजन संध्या का आयोजन भी होगा जिसमें प्रसिध्द भजन गायक माही दुबे एवं संतोष राव सुमधुर भजनो की प्रस्तुती देंगे 14 मई को आयोजन के समापन के साथ ही भंडारे का आयोजन भी किया गया है। कार्यकम के संयोजक नागा बाबा शम्भु गिरी जी महाराज एवं मंहत नंदी गिरी जी महाराज ने धर्मप्रेमी जनता से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाभ लें।

# वैश्य समाज के युवाओं को राजनीति से जुड़ना होगा : धारिया




**देवास।** वैश्य समाज आदि काल से ही समाज सेवा एवं मानव सेवा करता आ रहा है लेकिन अब समय आ गया है कि समाज के युवाओ को देश की राजनीति मे सक्रिय भूमिका का निर्वाहन करना पड़ेगा। उक्त विचार अल्प प्रवास पर देवास आये अंतरराष्टीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप धारिया ने संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं रतलाम विकास प्राधिकरण के नव नियुक्त अध्यक्ष मनोहर पोरवाल का संगठन के द्वारा किये गए स्वागत के अवसर पर युवाओ को संबोधित कर व्यक्त किये।

धारिया ने आगे बताया कि वैश्य संगठन विश्व के अनेको देशों के साथ पूरे देश मे पूर्ण सक्रियता से मानव सेवा के कार्य कर रहा है आपने कहा कि शीघ्र ही देवास जिले की इकाई का भी पुनर्गठन किया जाकर सक्रियता बढ़ाई जाएगी।

रतलाम विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष मनोहर पोरवाल ने देवास के वैश्य समाज की सक्रियता की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि वे समाज बंधुओं के लिए सदैव उपलब्ध रहेंगे एवं हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया। स्वागत समारोह में संगठन के प्रदेश मंत्री अरविंद जैन ने भी सदस्यों को संबोधित किया। देवास इकाई से जिलाध्यक्ष कृष्णा विजयवर्गीय, महामंत्री प्रमोद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष दिनेश भूतड़ा, कोषाध्यक्ष विशाल अग्रवाल, अशोक गुप्ता, मनोज संघवी, सचिन मंगल, भानु अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, राहुल गुप्ता,प्रदीप माहेश्वरी, हिमांशु सेठिया आदि उपस्थित रहे।

# देवास मंडी के बाहर बुजुर्ग किसान से 31 हजार ठगे



**देवास।** एक बुजुर्ग किसान से 31 हजार की ठगी का मामला सामने आया है। बदमाशों ने मंडी के बाहर बस का इंतजार कर रहे किसान को बातों में उलझाकर वारदात को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार, उज्जैन जिले के बोरदा धाकड़ निवासी करीब 70 वर्षीय किसान समंदर सिंह मंगलवार को मक्सी रोड स्थित मंडी में अपनी उपज बेचने आए थे। उपज बेचने के बाद उनके पास 31 हजार रुपये की नकदी थी। किसान मंडी के सामने बस का इंतजार कर रहे थे, तभी दो बाइकों पर सवार चार युवक उनके पास पहुंचे। इनमें से दो युवकों ने किसान से रास्ता पूछने के बहाने बातचीत शुरू कर दी।

महज 2 से 3 मिनट की बातचीत के दौरान बदमाशों ने किसान को इस तरह उलझाया कि उन्हें भनक तक नहीं लगी और कुर्ते के अंदर बनियान में रखे 31 हजार रुपये निकाल लिए। घटना के कुछ ही सेकंड बाद किसान को एहसास हुआ तो उन्होंने बदमाशों का पीछा भी किया। हालांकि, तब तक चारों आरोपी दोनों बाइकों से फरार हो चुके थे। इस पूरी वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। घटना की सूचना मिलने पर बीएनपी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी प्रीति कटारे ने बताया कि सीसीटीवी में चार संदिग्ध युवक दो बाइकों पर नजर आए हैं। हालांकि अभी तक बाइकों के नंबर स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। किसान को भी थाने बुलाकर पूछताछ की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# स्व . प्रभाकर राव क्षीरसागर का नेत्रदान

**सोनकच्छ।** नगर में नेत्रदान के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है। वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की सोनकच्छ इकाई द्वारा चलाए जा रहे नेत्रदान प्रकल्प का सकारात्मक प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

जयेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी गणपतराव के बड़े भाई एवं श्रीकांत के पूज्य पिताजी, नेत्रदानी स्वर्गीय प्रभाकर राव क्षीरसागर का असामयिक निधन हो गया। इस दुखद क्षण में भी शोकाकुल परिवार ने नेत्रदान का निर्णय लेकर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। नेत्रदान की सूचना तुरंत एम.के. इंटरनेशनल आई बैंक इंदौर को दी गई, जहां से सीनियर टेक्नीशियन गोपाल सिरोके ने मौके पर पहुंचकर सफलतापूर्वक नेत्रदान की प्रक्रिया पूर्ण कराई। इस पुनीत कार्य के लिए संस्था द्वारा चौहान परिवार के सदस्यों को आभार पत्र देकर सम्मानित किया गया। नेत्रदान संपन्न कराने में प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण लाठी, नेत्रदान प्रभारी हुकमचंद अग्रवाल,तहसील अध्यक्ष सुरेशचन्द्र मूंदड़ा, कैलाश वर्मा, आशीष छाबड़ा, असलम खान सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में बुजुर्ग मजदूर की मौत

**देवास।** भौंरासा फाटा के पास एक सड़क हादसे में 50 वर्षीय बुजुर्ग मजदूर प्रभुलाल की मौत हो गई। घटना मंगलवार देर रात तब हुई जब वे अपनी मां से मिलकर सोनकच्छ स्थित अपने कार्यस्थल लौट रहे थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, खामखेड़ी (बागली) निवासी प्रभुलाल सोनकच्छ क्षेत्र में मजदूरी करते थे।

मंगलवार को वे अपनी मां से मिलने गांव गए थे। वापस लौटते समय भौंरासा फाटा के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने रात करीब 1 बजे प्रभुलाल के परिजनों को हादसे की सूचना दी।

## एक नजर में

वार्ड 12 के निरीक्षण में निगमायुक्त ने कचरा संग्रहण वाहन की जांच की

# आयुक्त ने किया वार्डों का निरीक्षण, देखी साफ सफाई व्यवस्था




**देवास।** स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर निगमायुक्त दलीप कुमार ने बुधवार को शहर के वार्ड 12 एवं 13 का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई व्यवस्था में खामियां मिलने पर अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए।

आयुक्त ने वार्ड 13 में नाला-नालियों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। सफाई मित्रों की कमी को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारी सौरभ त्रिपाठी को दलेल पद्धति से सफाई कराने को कहा। वार्ड में स्थित तालाब के आसपास कचरा मिलने पर स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार को तत्काल कचरा हटवाने के निर्देश दिए।

निगम स्वच्छता टीम द्वारा वार्डों में सर्वेक्षण मानक स्तर पर स्वच्छता के कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। वार्ड 12 के निरीक्षण में आयुक्त ने कचरा संग्रहण वाहन की जांच की। चाणक्यपुरी मल्टी के पास कचरा पड़ा मिलने पर नाराजगी जताते हुए दरोगा को तत्काल कचरा उठवाने तथा रहवासियों से गीला-सूखा कचरा अलग-अलग वाहन में डलवाने को कहा। राजाराम नगर में टूटे चैंबरों की तत्काल मरम्मत और वर्षा पूर्व नाले की सफाई के निर्देश संबंधित को दिए।

आयुक्त ने बेकलेन की सफाई, रंगाई-पुताई, टूटे लिटरबिन बदलने, नालियों से गाद उठवाने, डिवाइडरों के पास गाजर घास की कटिंग, रात्रिकालीन सफाई और सार्वजनिक शौचालयों की चल रही सफाई व्यवस्था को देखा तथा उपायुक्तों को प्रतिदिन सतत मानिटरिंग कर सर्वेक्षण मानक स्तर पर जो कमियां हैं उन्हें वार्ड दरोगाओं से तत्काल दूर किए जाने के निर्देश दिए।